# निदेशकों का परिचय



## श्री संजय मल्होत्रा (डीआईएनः 00992744)

**अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक**

श्री संजय मल्होत्रा, आई.ए.एस., ने 9 नवंबर, 2020 से आरईसी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक का पदभार ग्रहण किया है।

श्री संजय मल्होत्रा राजस्थान कैडर के 1990 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं। आरईसी लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण करने से पहले आप विद्युत मंत्रालय में अपर सचिव के पद पर तैनात थे। आपको भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, कानपुर से कंप्यूटर साइंस में इंजीनियरिंग स्नातक और प्रिंसटन विश्वविद्यालय से पब्लिक पॉलिसी में स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त है। श्री संजय मल्होत्रा ने 30 वर्षों से अधिक के अपने सेवाकाल में बेहतरीन नेतृत्व कौशल के साथ विद्युत, वित्त एवं कराधान, सूचना प्रौद्योगिकी, खनन आदि कई क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य किया है।

आपको राज्य और केंद्र सरकार दोनों जगहों पर भारतीय विद्युत क्षेत्र में काम करने का व्यापक अनुभव रहा है। राजस्थान में ऊर्जा विभाग के प्रभारी प्रधान सचिव के रूप में काम करते हुए आपने चार शहरों में वितरण फ्रेंचाइजी की नियुक्ति, ट्रांसमिशन में पीपीपी की शुरूआत एवं मीटरिंग, बिलिंग तथा संग्रह में नई पहलों सहित कई कदम उठाए। विद्युत मंत्रालय में अपर सचिव के रूप में आप पारेषण, वितरण, सुधार और पुनर्गठन का दायित्व देख रहे थे तथा संघ शासित प्रदेशों की वितरण यूटिलिटियों के सुधारों, नीतिगत पहलों और निजीकरण में पूर्णतया संलग्न थे। आप आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड के बोर्ड में पदेन अध्यक्ष भी हैं, जो आरईसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है।

31 मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार, श्री संजय मल्होत्रा के पास कंपनी में "शून्य" इक्विटी शेयर थे। इसके अलावा, आपका कंपनी के किसी अन्य निदेशक के साथ कोई पारस्परिक संबंध नहीं है।

## श्री संजीव कुमार गुप्ता (डीआईएनः 03464342)

**निदेशक (तकनीकी)**



श्री संजीव कुमार गुप्ता 16 अक्टूबर, 2015 से आरईसी के बोर्ड में निदेशक (तकनीकी) हैं। आपने जी.बी. पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंत नगर, उत्तराखंड से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की उपाधि ली है। आपने कई प्रतिष्ठित सीपीएसयू जैसे कि एनएचपीसी, पावरग्रिड और आरईसी में कार्य किया है और आपके पास भारतीय विद्युत क्षेत्र में विविध कार्यों जैसे कि योजना, डिजाइन, निर्माण, ओ एंड एम, खरीद और अनुबंध, गुणवत्ता आश्वासन, अंतरराष्ट्रीय परामर्श कार्यों सहित बड़ी पारेषण परियोजनाओं के परियोजना प्रबंधन, सरकारी योजनाओं की निगरानी और बिजली परियोजनाओं के वित्तपोषण आदि क्षेत्रों में में 39 वर्षों का अनुभव है। आप, भारत की पहली 765 केवी एसी और ± 800 केवी एचवीडीसी ट्रांसमिशन लाइन के लिए तकनीकी विनिर्देश तैयार करने के लिए जिम्मेदार कोर टीम के सदस्य थे और आपने भारतीय ट्रांसमिशन ग्रिड में नई प्रौद्योगिकियों, आरओडब्ल्यू अनुकूलन, विशेष कंडक्टर के साथ ट्रांसमिशन लाइनों के उन्नयन आदि में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

अपनी वर्तमान भूमिका में, आप बिजली और बुनियादी परियोजनाओं के मूल्यांकन और वित्तपोषण, व्यवसाय विकास, विविधीकरण और कंपनी द्वारा अपने मिशन, विजन और उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए समग्र प्रभावी काम–काज सहित सभी तकनीकी कार्यों के लिए जिम्मेदार हैं। आपने भारत सरकार के डीडीयूजीजेवाई और सौभाग्य कार्यक्रमों के तहत गावों और घरों के विद्युतीकरण के सफल क्रियान्वयन की निगरानी के कार्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आपने, 1 जून, 2020 से 8 नवंबर, 2020 की अवधि के दौरान कंपनी के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक का अतिरिक्त कार्यभार संभाला था।

आप, आरईसी में 16 मार्च, 2010 से विभिन्न वरिष्ठ प्रबंधन पदों पर कार्य कर रहे हैं। आपने, पहले यूपी पावर ट्रांसमिशन कॉरपोरेशन लिमिटेड, बिहार ग्रिड कंपनी लिमिटेड, तीस्ता वैली पावर ट्रांसमिशन लिमिटेड आदि सहित कई कंपनियों के बोर्ड में नामित निदेशक के रूप में कार्य किया है। आप, आरईसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड के बोर्ड में भी निदेशक हैं।

31 मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार, श्री संजीव कुमार गुप्ता के पास कंपनी में "शून्य" इक्विटी शेयर थे। इसके अलावा, आपका कंपनी के किसी अन्य निदेशक के साथ कोई पारस्परिक संबंध नहीं है।



## श्री अजय चौधरी (डीआईएनः 06629871)
### निदेशक (वित्त)

श्री अजय चौधरी 1 जून, 2020 से आरईसी लिमिटेड के निदेशक (वित्त) हैं। आप, इंस्टीट्यूट ऑफ कास्ट एंड मैनेजमेंट एकाउंटेंट ऑफ इंडिया के एसोसिएट सदस्य हैं। आपके पास भारतीय विद्युत क्षेत्र में अनेक कार्यों जैसे अंतर्राष्ट्रीय वित्त, संविदा प्रबंधन, ऋण और वसूली, कारपोरेट अकाउंट्स, संसाधन जुटाने और ट्रेजरी आदि में 33 वर्षों से अधिक का अनुभव है।

आप, 16 अप्रैल, 2007 से आरईसी में वरिष्ठ प्रबंधन पदों पर कार्य कर रहे हैं और आपने विभिन्न प्रणालीगत सुधारों के कार्यान्वयन में प्रभावी भूमिका निभाई है जिनमें ऋण वसूली संबंधी दिशा–निर्देश तैयार करना, ग्राहकों सेवाओं एवं इनके साथ संप्रेषण में सुधार तथा आरईसी के सभी सभी संसाधनों एवं ट्रेजरी का प्रबंधन शामिल है। आप भारतीय विद्युत क्षेत्र में विद्युत वितरण कंपनियों के सुधार के उद्देश्य से भारत सरकार की फ्लैगशिप कार्यक्रम 'उज्ज्वल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना' (उदय) के कार्यान्वयन की कोर टीम के सदस्य भी रहे हैं। आरईसी में कार्यभार ग्रहण करने से पहले आपने 19 वर्षों से अधिक पावरग्रिड कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड और एनएचपीसी लिमिटेड में विभिन्न पदों पर कार्य किया है।

निदेशक (वित्त) के रूप में आप वित्तीय प्रबंधन एवं संगठन के प्रचालन, संगठनात्मक और वित्तीय नियोजन, वित्तीय नीतियां तैयार करने, वित्तीय लेखांकन, प्रबंधन नियंत्रण प्रणाली, नकदी और निधि प्रबंधन, कर नियोजन, संसाधन जुटाव और प्रबंधन, कैपिटल मार्केट प्लेयर्स एवं वित्तीय संस्थानों के साथ समन्वय का कार्य देखते हैं और इस बारे में जरूरी निर्देश देते हैं। आप ट्रेजरी के कार्यों, ऋण प्रचालनों का भी पर्यवेक्षण करते हैं और कारपोरेट जोखिम प्रबंधन के मामलों में परामर्श देते हैं।

आप आरईसी की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड के बोर्ड में निदेशक भी हैं। आपने टीआरएन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड के बोर्ड में नामित निदेशक के रूप में भी कार्य किया है।

दिनांक 31 मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार, श्री अजय चौधरी के पास कंपनी में 200 इक्विटी शेयर थे। इसके अतिरिक्त, आपका कंपनी के किसी अन्य निदेशक के साथ कोई पारस्परिक संबंध नहीं है।

## श्री तन्मय कुमार (डीआईएनः 02574098)
### सरकार द्वारा नामित निदेशक



श्री तन्मय कुमार, आईएएस, 5 नवंबर, 2020 से आरईसी लिमिटेड के बोर्ड में सरकार द्वारा नामित निदेशक हैं।

आप राजस्थान कैडर के 1993 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी हैं; और वर्तमान में भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय में संयुक्त सचिव के पद पर कार्यरत हैं। आपने आईआईटी, दिल्ली से सिविल इंजीनियरिंग में बी.टेक और आईआईटी, दिल्ली से मृदा मैकेनिक्स और फाउंडेशन इंजीनियरिंग में एम.टेक किया है।

श्री तन्मय कुमार ने लगभग 27 वर्षों तक राजस्थान सरकार में विभिन्न पदों पर कार्य किया है। आपके पास विद्युत क्षेत्र में काम करने का समृद्ध और विविध अनुभव है। उन्होंने 5 वर्ष तक राजस्थान नवीकरणीय ऊर्जा निगम लिमिटेड के अध्यक्ष का पदभार संभाला है। आप एनएचपीसी लिमिटेड, एसजेवीएन लिमिटेड और पावर फाइनेंस कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड में भी सरकार द्वारा नामित निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। इसके अलावा, आप भूटान में निगमित पनबिजली परियोजनाओं के लिए विभिन्न कंपनियों के निदेशक हैं।

31 मार्च, 2021 के अनुसार, श्री तन्मय कुमार के पास कंपनी में "शून्य" इक्विटी शेयर थे। इसके अलावा, आपका कंपनी के किसी अन्य निदेशक के साथ कोई पारस्परिक संबंध नहीं है।



## श्री प्रवीण कुमार सिंह (डीआईएनः 03548218)
### नामित निदेशक – पावर फाइनेंस कारपोरेशन लिमिटेड

श्री प्रवीण कुमार सिंह दिनांक 18 जून, 2019 से आरईसी के बोर्ड में पावर फाइनेंस कारपोरेशन लिमिटेड (पीएफसी) के नामित निदेशक हैं।

आप वर्तमान में पीएफसी के बोर्ड में निदेशक (वाणिज्य) के रूप में कार्यरत हैं और आपके पास पीएफसी के निदेशक (परियोजना) का अतिरिक्त प्रभार भी है। इससे पूर्व, श्री सिंह ने 25 वर्षों से पीएफसी में परियोजना प्रभाग की विभिन्न इकाईयों में कार्य किया है। पूर्व में, आपने देश की सबसे बड़ी विद्युत उपस्कर निर्माता कंपनी भारत हैवी इलैक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) में तथा इंडस्ट्री बॉडी अर्थात कंफेडेरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्रीज (सीआईआई) में भी 9 वर्षों से अधिक समय तक कार्य किया था।

श्री प्रवीण कुमार सिंह ने आईआईटी–बीएचयू से इलैक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बी.टेक और आईआईटी, दिल्ली से ऊर्जा एवं पर्यावरण प्रबंधन में एम.टेक किया है। आपने, बेयर कॉलेज ऑफ बिजनेस, ह्यूस्टन विश्वविद्यालय, यूएसए से "ग्लोबल एनर्जी एमबीए प्रोग्राम" भी किया है। श्री सिंह, भारत सरकार की विभिन्न समितियों में पीएफसी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। आप, पीएफसी कंसल्टिंग लिमिटेड के बोर्ड और यूएमपीपी के कार्यान्वयन के लिए गठित एसपीवी में निदेशक के पद पर भी कार्यरत हैं।

दिनांक 31 मार्च, 2021 की स्थिति के अनुसार, श्री प्रवीण कुमार सिंह के पास कंपनी में 40 इक्विटी शेयर थे। इसके अतिरिक्त, आपका कंपनी के किसी अन्य निदेशक के साथ कोई पारस्परिक संबंध नहीं है।